# राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर

## प्रज्ञा रेंजर टीम गतिविधियां

**(सत्र 2020-21)**




2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर प्रज्ञा रेंजर्स।




वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर द्वारा आयोजित विश्व हाथ धुलाई दिवस 15 अक्टूबर के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रेंजर्स सोनालिका प्रजापति b.a. द्वितीय को प्राप्त हुआ।



प्रज्ञा रेंजर से संवाद करती हुई प्राचार्य प्रोफेसर डॉ सविता भारद्वाज।



# प्रज्ञा रेंजर की छात्राओं ने निकाली साइकिल रैली

गाजीपुर | निज संवाददाता

## अमृत महोत्सव

- स्वयंसेवियों को दिलाई गई देश और समाज सेवा की शपथ
- कर्तव्यों का पालन कर जीवन को बनाते हैं सुंदरः प्राचार्य

आजादी के 75वें वर्ष में प्रवेश को अमृत महोत्सव के रूप में केन्द्र व प्रदेश सरकार की ओर से शनिवार को निर्देशित कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसमें अमृत महोत्सव का शुभारंभ दांडी मार्च दिवस की स्मृति में राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण से राष्ट्रीय सेवा योजना, प्रज्ञा रेंजर की छात्राओं की साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर प्राचार्य प्रो. डॉ. सविता भारद्वाज ने स्टेडियम के लिए रवाना किया।

जहां पर पुलिस अधीक्षक व मुख्य विकास अधिकारी ने स्वयंसेवियों की सायकिल रैली को अमृत महोत्सव रैली के रूप में रवाना किया। आज ही के दिन महात्मा गांधी ने वर्ष 1930 में साबरमती आश्रम से दांडी मार्च कर नमक कानून का विरोध किया था। राष्ट्रीय सेवा योजना के जनपद नोडल अधिकारी डॉ. अमित यादव ने राष्ट्र और समाज सेवा की शपथ स्वयंसेवियों को दिलाई। प्राचार्य प्रो. डॉ. सविता भारद्वाज ने कहा कि कर्तव्यों का पालन कर न केवल हम अपने जीवन को सुंदर बनाते हैं, अपितु उससे पूरा समाज भी लाभान्वित होता है।



# मिशन शक्ति के तहत महिला पीजी कॉलेज में एसपी ने छात्राओं में वितरित किया हेलमेट





### कोतवाल मिशन शक्ति की दे रहे जानकारी






आयोजन

# स्काउट गाइड का मनाया गया 70वां स्थापना दिवस



अनशन पर



भारत स्काउट गाइड का स्थापना दिवस 7 नवंबर को पीजी कॉलेज ग्राउंड में।



# मिशन शक्ति के तहत महिला पीजी कॉलेज में एसपी ने छात्राओं में वितरित किया हेलमेट

## कोतवाल मिशन शक्ति की दे रहे जानकारी











# मतदाता जागरुकता रैली निकालने की छात्राओं की तैयारी

जनसंदेश न्यूज

### आज मनाया जाएगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस



आज दिनांक 24 जनवरी 2021 को राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर में प्रज्ञा रेंजर टीम द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस उत्तर प्रदेश दिवस एवं मतदाता दिवस की पूर्व संध्या पर मतदाता जागरूकता संबंधी कार्यक्रम प्रज्ञा रेंजर टीम प्रभारी डॉ शिवकुमार के नेतृत्व में आयोजित किए गए।


महाविद्यालय, गाजीपुर
गाजीपुर



डॉ. पूजा भारत, शिक्षिका, गाजीपुर

घटना के दूसरे दिन शाम को दो पुलिसकर्मी मामले की जानकारी लेने पहुंचे। महिलाओं से जुड़े मामले में त्वरित एक्शन की जरूरत है।

**एडीजी जोन बृजभूषण का जवाब :** आमतौर पर इस तरह की शिथिलता बरतने की शिकायत नहीं मिलती है। लेकिन यदि ऐसा कहीं होता है तो उसकी पूरी मॉनीटरिंग कराई जाती है। हर जिले के थानों में महिला हेल्पडेस्क की शुरुआत कराई गई है। इससे महिलाएं बेझिझक थाने पर पहुंचकर अपनी शिकायत व समस्याएं बता सकती हैं।

# नाटक में झलका भिक्षावृत्ति का दर्द

**गाजीपुर | निज संवाददाता**



मिशन शक्ति के तहत राजकीय महिला महाविद्यालय में नाटक का मंचन करती छात्राएं।

राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मिशन शक्ति अंतर्गत महाविद्यालय की प्रज्ञा रेंजर द्वारा जागरूकता कार्यक्रम व बलपूर्वक भिक्षावृत्ति रोकने से संबंधित नाटक प्रस्तुत किया गया। इसके प्रारंभ में महाविद्यालय के मिशन शक्ति समन्वयक डा. शंभूशरण प्रसाद ने प्राचार्य डा. सविता भारद्वाज के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे कार्यक्रम व उसके उद्देश्यों से उपस्थित छात्राओं को परिचित कराया।

रेंजर टीम की मुख्य सलाहकार डा. अनिता कुमारी ने छात्राओं को स्काउट गाइड व रोवर-रेंजर आंदोलन से जुड़कर अपने शारीरिक, बौद्धिक, नैतिक, चारित्रिक व मानसिक विकास में अभिवृद्धि का सुझाव दिया। छात्राओं को बताया कि जो छात्राएं रेंजर से जुड़ी हुई हैं, उनमें स्वाभाविक रूप से नेतृत्व क्षमता, मुखरता, सहनशीलता व सामंजस्य तथा आत्म निर्भरता की भावना का विकास होता है। वास्तव में यही लोग मिशन शक्ति के वाहक हैं। छात्राओं ने रेंजर स्वाति वर्मा के निर्देशन में बलपूर्वक भिक्षावृत्ति के विविध कारणों को दर्शाते हुए बालक-बालिकाओं के घर से पलायन, अपहरण व कमजोर व्यक्तियों का शोषण करते हुए उन्हें इस पेशे में धकेलने वालों से सावधान रहते हुए चाइल्ड हेल्पलाइन, महिला हेल्पलाइन व पुलिस हेल्पलाइन की सहायता से बखूबी दिखाया कि हम अपने आसपास के बच्चों, वृद्ध, महिलाओं व कमजोर लोगों को इस पेशे में जबरिया जाने से कैसे बचा सकता है। नाटक में स्वाति वर्मा, दिव्यांशी श्रीवास्तव, काजल रावत, रीना, शिवानी गुप्ता, अंकिता कुशवाहा, अंजली राय, अलका राय, अपूर्वा रॉय, सृष्टि यादव ने अहम भूमिका निभायी। उपस्थित छात्राओं व प्राध्यापकों ने रेंजर्स के जीवंत अभिनय व संप्रेषित संदेश की भूरि भूरि सराहना की। प्रभारी प्राचार्य डा. सत्येंद्र सिंह ने रेंजर छात्राओं के अभिनय की तारीफ करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

छात्राओं से आह्वान किया कि वह प्रतिरोध की क्षमता विकसित करें, क्योंकि जहां प्रतिरोध होगा, वहीं पर अपराध कम होगा। कार्यक्रम का संचालन रेंजर सौम्या मिश्रा ने तथा संयोजन व आभार ज्ञापन प्रज्ञा रेंजर प्रभारी डॉ शिव कुमार ने किया। इस मौके डॉ. संतन कुमार, डॉ. विकास सिंह, डॉ. निरंजन कुमार यादव, डॉ. संगीता मौर्य, डॉ. सारिका सिंह, प्रज्ञा रेंजर, एनसीसी, क्रीड़ा से जुड़ी छात्राएं उपस्थित रहीं।

**के लक्षण दिखे तो आलू फसल पर मैंकोजेब दवा का करें छिड़काव**

# परेशान, आलू-सरसों की फसल बीमार

में आग लग गई है। रोकथाम में देरी करने पर पूरी फसल खराब होने के कारण पैदावार प्रभावित होती है। किसानों को ऐसे मौसम में रोग के लक्षण दिखाई देने से पूर्व या रोग लगने के शुरुआत में ही आलू की फसल पर मैंकोजेब दवा या डाईथेन एम 45 की दो ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर दस-

### काला और सफेद पाला का असर

इसमें एक काला पाला और दूसरा सफेद पाला पड़ता है। इसमें काला पाला उस अवस्था को कहते हैं जब जमीन के पास हवा का तापमान बिना पानी के जमे शून्य डिग्री सेल्सियस से कम हो जाता है। वायुमंडल में नमी इतनी कम हो जाती है कि कोहरा का बनना रुक जाता है। जो पानी को जमने से रोकता है। वहीं सफेद पाला वायु मंडल में तापमान 0 डिग्री सेल्सियस हो जाने पर पड़ता है। इसके साथ ही वायुमंडल में नमी ज्यादा होने की वजह से ओस बर्फ के रूप में परिवर्तित हो जाता है। पाले की यह अवस्था सबसे ज्यादा हानि पहुंचाती है।

मिशन शक्ति के तहत प्रज्ञा रेंजर द्वारा बलपूर्वक भिक्षावृत्ति रोकने संबंधी जागरूकता नाटक की प्रस्तुति 17 दिसंबर।





राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर में आज दिनांक 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। महाविद्यालय की प्रज्ञा रेंजर टीम एवं प्रभारी में गणतंत्र दिवस के उत्सव में।



महाविद्यालय मे आयोजित सेमिनार में मुख्य अतिथि का स्वागत के लिए तैयार प्रज्ञा रेंजर कलर पार्टी।





पढ़ाई कर वापस घर लौट रही थीं। तलाश की जा रही है।

# छात्राएं वैक्सीन के प्रति पॉजिटिव रहें : सविता

## महिला महिलाविद्यालय में चार्ट एवं पोस्टर प्रतियोगिता

गाजीपुर। राजकीय महिला पीजी कॉलेज में मनोविज्ञान परिषद एवं प्रज्ञा रेंजर दल की ओर से महामारी और मानसिक स्वास्थ्य विषय पर 'चार्ट एवं पोस्टर प्रतियोगिता' आयोजित की गई। इसमें छात्राओं ने कोरोना लॉकडाउन और उससे उत्पन्न प्रभावों विशेषकर अवसाद, चिंता, भय, आघात, उदासी, अकेलापन, तनाव, पैनिक अटैक, सामाजिक अलगाव आज से संबंधित विषयों को चित्र एवं शब्दों के माध्यम से बखूबी रेखांकित किया।

इस अवसर पर निर्णायक मंडल के सदस्यों डा. अकबर आजम, डा. शंभू शरण प्रसाद ने श्वेता मौदनवाल को प्रथम, अंजनी सिंह को द्वितीय तथा सुमैया खातून को तृतीय स्थान के लिए चयनित किया। जबकि नीतू मौदनवाल एवं समरा फिरदोस को प्रशंसा प्राप्त हुई। इस अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार आजमगढ़ की टीम द्वारा कोविड-19 एवं टीकाकरण जागरूकता प्रचार अभियान के तहत छात्राओं के मध्य एक जागरूकता संगोष्ठी एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें डॉ. संतन कुमार, डॉ. अकबर आजम, तारिक अजीज आदि ने छात्राओं को कोविड से जुड़े विभिन्न पक्षों एवं इसके टीकाकरण अभियान के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया। छात्राओं ने कुछ प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भागीदारी की तथा उन्हें प्राचार्य डॉ सविता भारद्वाज एवं मनोविज्ञान परिषद तथा कार्यक्रम के संयोजक डॉ शिवकुमार ने पुरस्कार स्वरूप टिफिन प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ सविता भारद्वाज ने छात्राओं को वैक्सीन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखने एवं मास्क का नियमित रूप से प्रयोग करते रहने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में प्रज्ञा रेंजर की ओर से शिवानी गुप्ता, सविता रावत, सृष्टि यादव, करिश्मा सिंह, प्रीती सिंह, अंकिता कुशवाहा, कविता कुमारी आदि छात्राएं प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

राजकीय महिला महाविद्यालय में छात्रा को टिफिन देती प्राचार्य सविता भारद्वाज।






राजकीय महिला पीजी कॉलेज के प्रज्ञा रेंजर टीम की ओर से स्काउटिंग के जन्मदाता लार्ड बेडेन पावेल का जन्मदिन 22 फरवरी को समारोह पूर्वक मनाया गया।






राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर के रेंजर्स के प्रवेश निपुण कोर्स के पंच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत मुख्य अतिथि प्रभारी प्राचार्य डॉ सत्येंद्र सिंह ने ध्वज शिष्टाचार से किया।





राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर में प्रज्ञा रेंजर टीम का प्रशिक्षण शिविर दूसरे दिन दिनांक 27 मार्च को भी जारी रहा।





# रेंजर्स को कराया मार्च पास्ट का अभ्यास

शिविर

गाजीपुर | निज संवाददाता

राजकीय महिला पीजी कालेज रेंजर्स की छात्राएं। • हिन्दुस्तान

राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर का प्रज्ञा रेंजर का पंच दिवसीय शिविर तीसरे दिन 28 मार्च को अपनी उच्चाइयों पर रहा।



# गांठ बांधना, मार्च पास्ट के बारे में दी जानकारी

राजकीय महिला पीजी कॉलेज में शनिवार को प्रशिक्षण शिविर में मार्च पास्ट करती प्रज्ञा रेंजर की छात्राएं। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

गाजीपुर। राजकीय महिला पीजी महाविद्यालय में प्रज्ञा रेंजर टीम का प्रशिक्षण शिविर शनिवार को दूसरे दिन भी जारी रहा।

रेंजर छात्राओं को प्रशिक्षक गोवर्द्धन प्रसाद गुप्ता एवं रोशनी कुशवाहा ने स्काउट आंदोलन की संक्षिप्त जानकारी, गांठ फांस बंधन, बायां हाथ मिलाना, सेल्यूटिंग, ध्वज शिष्टाचार, मार्च पास्ट, सेल्यूटिंग का सैद्धांतिक एवं क्रियात्मक ज्ञान दिया। प्रशिक्षण की शुरुआत में छात्राओं को लार्ड बेडेन पावेल की ओर से विकसित छह व्यायाम के

## रेंजर को दिया सेल्यूटिंग का क्रियात्मक ज्ञान

उद्देश्य, लाभ, महत्व एवं उसका प्रदर्शन तथा अभ्यास कराया गया।

इस अवसर पर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी अभ्यास किया। शिविर का निरीक्षण प्राचार्य डॉ. सविता भारद्वाज, वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. दीप्ति सिंह एवं डॉ. सतेंद्र सिंह ने किया। स्वागत एवं आभार ज्ञापन प्रभारी प्रज्ञा रेंजर टीम डॉ. शिवकुमार ने किया।

इस अवसर पर डॉ. दिवाकर मिश्र, डॉ. अमित यादव, डॉ. विकास सिंह, श्रीराम उपस्थित थे।



# छात्राओं ने प्रज्ञा रेंजर उद्यान की साफ-सफाई

गाजीपुर। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रज्ञा रेंजर के पंच दिवसीय शिविर का तीसरा दिन अपनी ऊंचाइयों पर रहा। छात्राओं ने शिविर की शुरुआत बीपी सिक्स व्यायाम से की। इसके पश्चात सभी छात्राओं ने सामूहिक श्रमदान के तहत प्रज्ञा रेंजर उद्यान की साफ सफाई की तथा स्वयं टोलीवार ध्वज शिष्टाचार एवं शिविर के विभिन्न क्रियाकलापों का संपादन किया। शिविर के प्रशिक्षक गोवर्धन प्रसाद गुप्ता एवं रोशनी कुशवाहा ने रेंजर्स को प्राथमिक सहायता, मार्च पास्ट, एक्शन सांग का अभ्यास कराया तथा प्रथम एवं द्वितीय सोपान के गांठ- फांस- बंधन का प्रदर्शन किया। छात्राओं ने ध्वज उत्तोलन एवं उतारने का प्रदर्शन कलर पार्टी के साथ मिलकर किया। जिला संगठन कमिश्नर दिनेश सिंह यादव ने शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर की प्रवेश- निपुण परीक्षा एवं आगामी योजनाओं पर चर्चा की। प्रज्ञा रेंजर दल की गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए बताया कि विगत दिनों संपन्न हुए बेसिक स्काउट गाइड लीडर ट्रेनिंग कोर्स में प्रज्ञा रेंजर की 7 छात्राओं ने बेसिक कोर्स सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया। ये छात्राएं भविष्य में जनपद में स्काउट गाइड आंदोलन को आगे फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगी। प्रभारी प्रज्ञा रेंजर टीम डॉ शिवकुमार ने इस अवसर पर उनका आभार प्रकट किया। शिविर में प्रभारी प्राचार्य डॉ सत्येंद्र सिंह, संतन कुमार राम, श्री राम कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।





महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव में सम्मानित होती प्रज्ञा रेंजर।




16 मार्च को महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव सर्जना 2021 में प्रज्ञा रेंजर्स टीम कलर पार्टी द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत किया तथा स्वयंसेवको ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।




विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर राजकीय महिला महाविद्यालय द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं प्रज्ञा रेंजर्स की ओर से राज्य स्तरीय ऑनलाइन संगोष्ठी में सहभागिता किया गया।







अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर में प्रज्ञा रेंजर टीम की ओर से योग  का आयोजन प्राचार्य प्रोफेसर डॉ सविता भारद्वाज के निर्देशन में किया गया। प्रज्ञा रेंजर छात्राओं जयति जैन, स्वाति वर्मा, शिवानी गुप्ता, प्रियंका यादव आदि ने प्रभारी डॉ शिवकुमार एवं भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार अपने अपने घरों पर रहकर अपने परिवार के साथ ऑनलाइन योगाभ्यास किया।